साईं की पालकी आई है

सब नाचो गाओ जी साईं की पालकी आई है
सब ख़ुशी मनाओ जी साईं की पालकी आई है

नाच रहा है सब का तन मन देख मुबारक घड़ियाँ
मन में सब के छुट रही है खुशियों की फूल झड़ियाँ
बाबा को मनाओ जी साईं की पालकी आई है
सब नाचो गाओ जी साईं की पालकी आई है

देख के चेहरे खिले हुए ये मन सब का मुस्काये
सब के घर अंगना में ऐसे ख़ुशी भरे दिन आये
सब मंगल गाओ जी साईं की पालकी आई है
सब नाचो गाओ जी साईं की पालकी आई है

शोख करे अरदास ये साईं अपनी दया तू करना
अपने भगतो की झोली को दाता हर दम भरना
अब दर्शन पाओ जी साईं की पालकी आई है
सब नाचो गाओ जी साईं की पालकी आई है

https://bhajanganga.com/bhajan/lyrics/id/16681/title/sai-ki-palki-aai-hai

अपने Android मोबाइल पर BhajanGanga App डाउनलोड करें और भजनों का आनंद ले |